राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांक:प.14(66)(1)RSSB/अर्थना/मा.शि.वि./पीटीआई ग्रेड–III/पा.जां/2018/ दिनांक :

कार्यालय आदेश

पीटीआई ग्रेड–III परीक्षा–2018 में अस्थाई रूप से दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध 1.5 गुणा अभ्यर्थियों के शिक्षा विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन पर खेल प्रमाण पत्रों के आधार पर अभ्यर्थियों को प्रदत्त खेल अंको का प्रकाशन

बोर्ड द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिये शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III (गैर अनुसूचित क्षेत्र एवं अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2018 की परीक्षा दिनांक 30.09.2018 को आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 29.01.2019 को जारी किया गया है। इस परीक्षा में अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 13.02.2019 से दिनांक 19.02.2019 तक एवं दिनांक 10.05.2019 को जारी संशोधित परिणाम में अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों एवं पूर्व में दस्तावेज सत्यापन हेतु अनुपस्थित रहे अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन दिनांक 10.06.2019 से दिनांक 13.06.2019 तक किया गया था।

शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III (गैर अनुसूचित क्षेत्र एवं अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में शिक्षा विभाग द्वारा उपरोक्तानुसार जांच में उक्त अभ्यर्थियों के खेल प्रमाण पत्रों के आधार पर प्रदत्त खेल अंकों का प्रकाशन अभ्यर्थी की SSO ID पर किया जा रहा है जिसे दिनांक 27.08.2019 प्रातः 10.00 बजे से देखा जा सकता है। उक्त खेल अंकों के संबंध में कोई भ्रांति/आपत्ति होने पर अभ्यर्थी अपने रोल नं. के सम्मुख अंकित निम्न कार्यक्रमानुसार शिक्षा विभाग की टीमों के समक्ष **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा, जयपुर** में प्रातः 10.30 बजे से सायं 6.00 बजे तक मूल खेल प्रमाण पत्रों व उनकी प्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होकर अपनी आपत्तियों का निराकरण करा सकेंगें। अन्य विस्तृत जानकारी के लिये बोर्ड की वेबसाईट http://www.rsmssb.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें:–

गैर–अनुसूचित क्षेत्र:–

क्र.सं.	रोल नं.	दिनांक	विशेष विवरण
1.	500002 से 503990	29.08.2019	केवल पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु अस्थाई रूप से सूचीबद्ध 1.5 गुणा अभ्यर्थियों में से
2.	503998 से 507941	30.08.2019	
3.	507946 से 511834	02.09.2019	
4.	511835 से 515843	03.09.2019	
5.	515845 से 519738	04.09.2019	
6.	519743 से 523818	05.09.2019	

अनुसूचित क्षेत्र:–

क्र.सं.	रोल नं.	दिनांक	विशेष विवरण
1.	500051 से 523817	06.09.2019	केवल पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु अस्थाई रूप से सूचीबद्ध 1.5 गुणा अभ्यर्थियों में से

आज्ञा से

Sd/-

उपसचिव

क्रमांक:प.14(66)(1)RSSB/अर्थना/मा.शि.वि./पीटीआई ग्रेड–III/पा.जां/2018/1138 दिनांक : 25/8/19

प्रतिलिपि:–

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा बीकानेर को उक्तानुसार शिक्षा विभाग के दल नियुक्त करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
2. प्रभारी अधिकारी, आई.टी. अनुभाग को प्रेषित कर लेख है कि उक्त कार्यालय आदेश को बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करावें।

उपसचिव

Scanned by CamScanner